भर्ती हेतु सूचना
वित्त प्रबंधक

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम निर्माण का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर वित्त प्रबंधक के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं दायित्व :

- वित्तीय संविदाओ की निगरानी, वित्तीय विवरणी का मूल्यांकन, मानक संचालन प्रशासनिक प्रक्रियाओं की तैयारी का पर्यवेक्षण और कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
- एनएचएसआरसी का बजट निर्माण और वित्त प्रबंधन और इसके शाखा कार्यालय(यों) में ऐसी गतिविधियों की निगरानी करना।
- संगठन का वित्तीय अनुशासन और संचालन दक्षता सुनिश्चित करना।
- सभी वैधानिक वित्तीय मानदंडों और सरकार के वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना।
- नोडल व्यक्ति, लेखापरीक्षा दलों के समन्वय में कार्य करेगा और लेखापरीक्षा कार्यवाहियों एवं उत्तर में सहयोग करेगा।
- आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्थानीय प्राधिकारियों और बैंक के साथ संपर्क स्थापित करना।
- प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, कार्यकारी निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ईसी एंड जीबी को समय–समय पर वित्तीय रिपोर्टिंग करना।
- सभी भुगतानों का पर्यवेक्षण करना और सटीक वितरण सुनिश्चित करना।
- टैली में लेखा की निगरानी/प्रबंध करना और टैली से संबंधित समस्याओं का समाधान करना।
- लेखापरीक्षा के लिए संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराना
- आवश्यकतानुसार, आरटीआई और/या लोक सभा प्रश्नों के उत्तर के लिए जानकारी उपलब्ध कराना।
- प्रतिबद्ध खर्चों के विवरण तैयार करना और उसका पत्राचार।
- वित्त टीम का पर्यवेक्षण, उन्हें मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करना।
- प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य करना।

पात्रता :

- किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से वित्त में एमबीए या वाणिज्य में स्नातक उपाधि के साथ योग्यताप्राप्त सीए।
- स्वास्थ्य/सामाजिक क्षेत्र की वित्त प्रणाली के रखरखाव के क्षेत्र में स्नातकोत्तर उपाधि के उपरांत न्यूनतम पांच (5) वर्षों का कार्य अनुभव।
- एमएस ऑफिस– वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट इत्यादि में कंप्यूटर दक्षता
- उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- दबाव में विविध कार्य करने की योग्यता और टीम लीडर होना चाहिए।
- एनआरएचएम/एनएचएम में कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमा : अधिकतम 55 वर्ष
कार्य स्थल : नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक
पारिश्रमिक सीमा : प्रतिमाह 90,000/– रु. से 1,30,000/– रु. के बीच
संविदा अवधि : दो वर्ष
***** संविदा 31 मार्च 2017 के उपरांत तभी वैध रहेगी, बशर्ते एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी रहता है। यदि एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी नहीं रहता है, तो संविदा को वापस ले लिया गया माना जाएगा।

टिप्पणी:

- जीवन-वृत्त दिनांक **23-Aug-2016** को **अपराह्न 4:00 बजे** तक ई-मेल **rec.nhsrc.2016@gmail.com** पर अवश्य पहुंच जाना चाहिए।
- **यह, समाचार पत्र विज्ञापन दिनांक 3 अगस्त 2016 में दी गई ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।**

- कृपया सबजेक्ट-लाईन में सटीक आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर जीवन-वृत्त भेजना होगा।
- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।